# ग्रामाभ्युदयादेव देशाभ्युदयः
# गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
## कृषि मौसम विज्ञान विभाग, कृषि महाविद्यालय
## पन्तनगर–263145 उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)
## फोन नम्बरः 05944–233032

## ग्रामीण कृषि मौसम सेवा बुलेटिन, जनपद – उधम सिंह नगर

उपमहानिदेशक (कृषि मौसम विज्ञान), भारत मौसम विज्ञान विभाग, पुणे | निदेशक, मौसम केन्द्र, देहरादून

**वर्षः 27 अंकः 58 बुलेटिन अवधिः 25 – 29 जुलाई, 2018 दिनः मंगलवार दिनाँकः 24 जुलाई, 2018**

**मौसम पूर्वानुमानः**

भारत सरकार के **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** द्वारा वित्त पोषित एवं **भारत मौसम विज्ञान विभाग** द्वारा संचालित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के अन्तर्गत **राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केन्द्र, भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम भवन, नई दिल्ली** द्वारा पूर्वानुमानित तथा **मौसम केन्द्र, देहरादून** द्वारा संसोधित पूर्वानुमानित मध्यम अवधि मौसम आँकड़ों के आधार पर कृषि मौसम विज्ञान विभाग में स्थित कृषि मौसम विज्ञान प्रक्षेत्र इकाई (AMFU), गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर द्वारा **उधम सिंह नगर में अगले पाँच दिनों** में निम्न मौसम रहने की संभावना व्यक्त की जाती है :–

| पूर्वानुमानित मौसम तत्व | मौसम पूर्वानुमान – उधम सिंह नगर | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 25/07/2018 | 26/07/2018 | 27/07/2018 | 28/07/2018 | 29/07/2018 |
| वर्षा (मिमी0) | 20 | 40 | 30 | 15 | 35 |
| अधिकतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.) | 34 | 33 | 32 | 32 | 33 |
| न्यूनतम तापमान (डिग्री से.ग्रे.) | 25 | 24 | 23 | 23 | 24 |
| बादल आच्छादन | घने बादल | घने बादल | घने बादल | घने बादल | घने बादल |
| अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत) | 90 | 95 | 95 | 90 | 85 |
| न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता (प्रतिशत) | 45 | 50 | 55 | 50 | 45 |
| वायु की औसत गति (कि0मी0 प्रतिघंटा) | 006 | 006 | 008 | 008 | 008 |
| वायु की दिशा | पूर्व–उत्तर–पूर्व | दक्षिण–पूर्व | पूर्व–दक्षिण–पूर्व | पूर्व–उत्तर–पूर्व | पूर्व |

**आगामी 25 से 29 जुलाई को मध्यम वर्षा होने के साथ आसमान में घने बादल छाये रहने की सम्भावना है।**

**गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर स्थित कृषि मौसम विज्ञान वेधशाला** (समुद्रतल से ऊँचाई–243.8 मीटर) के प्रेक्षणानुसार विगत सात दिनों ( 17 – 23 जुलाई, 2018 सुबह 8:30 तक) में आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 31.0 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 26.0 से 28.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 71 से 90 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 69 से 86 प्रतिशत एवं हवा 1.9 से 6.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व–दक्षिण–पूर्व दिशा से चली।

ऐसे अनुमानित मौसम में गो0ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर के वैज्ञानिकों द्वारा इस क्षेत्र के कृषक भाइयों को सलाह दी जाती है कि इस मौसम में विभिन्न फसलों के लिए खेतों में निम्नानुसार कार्यक्रम अपनायें।

# कृषि मौसम परामर्श

## फसल प्रबन्धः

❖धान की रोपाई के 20 दिन एवं 40 दिन पर निराई करें।

❖विसपाइरीवैक सोडियम 10 ई0सी0 की 20–25 ग्राम मात्रा का छिड़काव रोपाई के 15–20 दिन के अंदर करना चाहिए।

❖धान की फसल की रोपाई इस माह मे समाप्त कर लें।

❖धान की रोपाई हेतु पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20 सेमी0 तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी0 रखें तथा एक स्थान पर 2–3 पौधे लगाने चाहिए, रोपाई 2–3 सेमी0 गहराई से ज्यादा नहीं करनी चाहिए। रोपाई से 10 दिन के अन्दर मरे पौधों की जगह फिर से रोपाई करें।

❖अगर मानव श्रम की कमी हो तो धान मे खरपतवार नियंत्रण हेतु रोपाई के 2–3 दिन के अंदर ब्यूटाक्लोर 50 ई सी या थायोबेनकार्ब 50 ई सी के 3.0 लीटर/है0 या एनीलोफास 30 ई सी के 1.65 लीटर या प्रेटीलाक्लोर 50 ई सी के 1.50 लीटर का छिड़काव करें। रसायनो के प्रयोग के समय खेत मे पर्याप्त नमी होनी चाहिए।

❖गन्ने के जल भराव वाले खेतो मे जल निकास की उचित व्यवस्था करें तथा माह के अंतिम सप्ताह जड़ो पर पर्याप्त मिट्टी चढ़ाये। फसल की बड़वार अच्छी हीने पर 5 फीट की ऊँचाई पर बधाई कर लें।

❖उर्द एवं मूंग की बुवाई जुलाई के दूसरे पखवाड़े मे करें। उर्द की पंत उर्द–19 एवं पंत उर्द–35, पंत उर्द–31 तथा मूँग की पंत मूँग –4 एवं पंत मूँग–5 का चुनाव करे।

❖उर्द एवं मूंग के बीज शोधन हेतु 2 ग्राम थीरम तथा 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम का प्रति किलो बीज हेतु प्रयोग करो।

## उद्यान प्रबन्धः

❖आम के फले हुए पेड़ो मे 50 ग्राम नाइट्रोजन प्रतिवर्ष प्रति पेड़ आयु के अनुसार दें। इस प्रकार अधिकतम 500 ग्राम नाइट्रोजन दस वर्ष या इसके पश्चात् अर्थात् 1.1 किग्रा यूरिया प्रति पेड़ के हिसाब से फल तोड़ने के पश्चात् देना आवश्यक होगा।

❖टमाटर एवं मिर्च की फसल मे जड़ एवं तना संधि सड़न रोग के नियंत्रण हेतु ट्राईकोडरमा 10 ग्राम/लीटर या कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर जड़ो की सिंचाई करें।

❖कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर पीले–भूरे धब्बे दिखाई पड़ने मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

❖मिर्च की फसल में ऊपर से डन्ठल काले पड़कर सूखने की समस्या की निदान हेतु संक्रमित शाखाओं को तोड़कर हटा दें एवं फल सड़न की समस्या हेतु कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

❖भिण्डी की पछेती फसल मे पत्तियो की शिराये पीली पड़ने पर संक्रमित पौधो को उखाड़ दे तथा रोगवाहक कीटो के नियंत्रण हेतु किसी सर्वांगी कीटनाशी का छिड़काव करे।

❖टमाटर की फसल मे पत्तियो पर धब्बे पड़ने एवं झुलसने पर मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे।

❖इस माह में मिर्च की रोपाई मेंड़ों पर करें, मेड़ों पर इसकी दूरी कतार से कतार 50 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 50 सेमी रखें एवं जल निकास की उचित व्यवस्था करें, क्योंकि खेत में 24 घण्टे में पानी रहने से फसल सूख जाती है।

❖जिन किसान भाइयों ने भिण्डी का बीज नहीं बोया है वे बीज की बुवाई शीघ्र कर लें तथा पिछले माह में बोई गयी फसल में निराई–गुड़ाई व जल निकास की व्यवस्था करें।

❖भिण्डी की वर्षा कालीन प्रजातियां वर्षा उपहार, पंजाब पद्मिनी, पंजाब–7, पंजाब–1, अरका, अनामिका, अभय, परभनी क्रांति आदि जिसमें पीट शिरा रोधक क्षमता पायी जाती है का चुनाव करें।

❖फूलगोभी की अगेती फसल में जल निकास की व्यवस्था करें तथा निराई–गुड़ाई कर खरपतवार निकाल दें। पौधशाला में गोभी की पौध तैयार हो गई हो तो उनकी रोपाई कतार से कतार 45 सेमी व पौधे से पौधे की दूरी 45 सेमी में करें।

## पशुपालन प्रबन्धः

- ❖ पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ–सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।
- ❖ पशुओं को बारिश का पानी नहीं पिलाना चाहिए।
- ❖ पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें।
- ❖ जुलाई एवं अगस्त महीना गाय/भैंसों की ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ–सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें।
- ❖ प्रसव के तुरन्त बाद नवजात बच्चे की साफ–सफाई कर उसकी नाभी को धागे से बांधकर किसी साफ चाकू या ब्लेड से काटकर उस पर जैन्सन वायलेट पेन्ट अथवा टिंचर आयोडीन लगाना चाहिए।
- ❖ मानसून के प्रारम्भ में अचानक तेज घूप व तेज वर्षा से पशुओं को बचायें क्योंकि इसकी वजह से त्वचा में जलन जैसा विकार उत्पन्न हो जाता है।
- ❖ इस ऋतुओं में कृमियों का प्रकोप बढ़ जाता है और इससे बचने के लिए कृमिनाशक का उपयोग निकटतम पशु चिकित्सक की सहायता से करें।
- ❖ ज्यादा हरे चारे से घोड़ों में केलिक होने का खतरा रहता है अतः इससे बचें।



**डा0 आर0 के0 सिंह**
**प्राध्यापक एवं प्रिंसिपल नोडल अधिकारी**
**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा,**
**गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्यो. विश्वविद्यालय, पन्तनगर**